सार-समाचार

भारतीय किसान संघ ने धरना दिया

रेवदर, (निसं)। भारतीय किसान संघ के किसानों द्वारा रेवदर व मंडार की संयुक्त ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। उप तहसील कार्यालय मंडार के बाहर सैकडो की तादाद में ट्रैक्टर लेकर किसान शामिल हुए। मंडार से रवाना होकर करीब 80 से 90 ट्रैक्टरों 15 गाडी 50 बाईक के साथ किसानों उपखंड कार्यालय पहुंचे। उपखंड कार्यालय के बाद किसानों ने सभा की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेवदर पुलिस मुस्तेद नजर आई। किसानों ने गुलाबगंज क्षेत्र के पटवारी रवेचीदान चारण के खिलाफ शिकायतों के बात भी कार्रवाई नहीं होने को लेकर रोष प्रकट किया। किसानों ने शीघ्र ही पटवारी को एपीओ कर तहसील और जिले से बाहर भेजने की मांग रखी। मंडार में मूंगफली केंद्र खोलने व मूंगफली की तुलाई शीघ्र शुरू करने, फसल खराबी का मुआवजा दिलवाने, स्मार्ट मीटर नहीं लगाने जैसी मांगें भी किसानों ने रखी। प्रान्त उपाध्यक्ष सोमाराम चौधरी, प्रांत बीज प्रमुख नाथूराम लोहार, प्रांत युवा प्रमुख खीमसिह, संभाग मंत्री सुजान सिंह वडवज, संभाग सदस्य केरा राम पुरोहित, जेटाभाई माली, राणसिह देवल, हरीसिंह ताविदर, सोनाराम चौधरी सहित कई जने मौजूद रहे।

नशे से दूरी है जरूरी : डॉ.जाम्भाणी

भीनमाल, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत् बुधवार को जी के गोवाणी राजकीय महाविद्यालय भीनमाल में नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश जाम्भाणी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री धर्मपाल स्वामी ने की। मुख्य वक्ता डॉ जाम्भानी ने नशे के दुष्प्रभावों व उसकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियो को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत 10 सखा-सखी को नशा मुक्ति किट प्रदान किए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस भी मनाया गया एवं राष्टीय सेवा योजना के एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। लाखम सिंह, एनएसएस प्रभारी भलाराम, कन्हैया लाल, सुमित विश्नोई, प्रकाश कुमार विश्नोई, रामाराम सहित कई जने उपस्थित रहे।

ए.एस.जी. भरत व्यास का अभिनंदन

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा आज राजस्थान उच्च न्यायालय स्थित एडवोकेट्स चैम्बर्स सभागार में एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भरत व्यास का अभिनन्दन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द पुरोहित एवं महासचिव मनीष टाक द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत व्यास का जोधपुरी रवायत के अनुसार साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। एसोसिएशन के महासचिव मनीष टाक ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता, राजकीय अधिवक्ता, लॉयर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन जोधपुर के महासचिव मनीष टाक की ओर से उच्च न्यायालय प्रशासन को आपातकालीन परिस्थितियों चार व्हील चेयर भेंट की गई।

पोकरण में व्यापारियों की बैठक हुई

पोकरण, (निसं)। फलसूंड रोड स्थित व्यासों की बगीची में सोमवार को पोकरण व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश व्यास के तत्वावधान में आयोजित बैठक में स्टेट जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने व्यापारियों को कर दरों में ऐतिहासिक कमी की जानकारी दी। बैठक में जॉइंट कमिश्नर पंकज पंवार, असिस्टेंट कमिश्नर जीवन गिरि, राज्य कर अधिकारी विक्रम सिंह सहित व्यापार मंडल के सभी व्यापारी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर जॉइंट कमिश्नर पंकज पंवार ने जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में की गई सिफारिशों के बाद कर दरों में किए गए बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पोकरण व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश व्यास, श्यामजी राठी, रामेश्वर गुचिया, जगदीश राजपुरोहित, धूडाराम सोनी, अब्दुल गफ्फार, कैलाश माली, विष्णु थानवी, मुरलीधर राठी, सीए योगेश भूतडा, सीए रविकांत राठी, सीए जितेंद्र चांडक सहित सैकडों व्यापारी मौजूद रहे।

नवरात्र रोटरी गरबा महोत्सव पर चर्चा

जालोर, (कासं)। रोटरी क्लब, जालोर की अध्यक्ष विनीता ओझा ने बताया कि रोटरी क्लब जालोर की ओर से नवरात्रि गरबा महोत्सव-2025 के आयोजन की तैयारियों को लेकर मलकेश्वर मठ जालोर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक गरबा आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई एवं नवरात्रि गरबा महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए समितियों का गठन कर सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत स्थापना पूजा-अर्चना के साथ होगी। सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी चलेगी। बैठक में सचिव मंजू चौधरी, सपना बजाज, वरिष्ठ रोटेरियन कानाराम परमार नंदकिशोर जैठलिया, डूंगरसिंह मंडलावत, तरुण सिद्धावत, डॉ.पवन ओझा, नितिन सोलंकी, मेनका गुप्ता, चेतना श्रीमाली, उदाराम सुथार, हेमेन्द्र बगेडिया, ओमप्रकाश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

ऋषि अष्टाव जयंती मनाई

पोकरण, (निसं)। सक्षम कार्यालय कनक भवन में मंगलवार को ऋषि अष्टाव जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वप्रसिद्ध विद्वान, आत्मबल से परिपूर्ण एवं प्रख्यात शास्त्री ऋषि अष्टाव के जीवन, आदर्शों और दर्शन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। सक्षम के जिला सचिव दमा राम ने अष्टाव के जीवन दर्शन और आदर्शों पर विचार प्रस्तुत किए। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राठौड ने उनकी शिक्षा-दीक्षा और आत्मबल से परिपूर्ण जीवन यात्रा पर जानकारी दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विष्णु थानवी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रूपेंद्र खत्री, तहसील संयोजक सवाई सिंह और रोहित ने भी श्रद्धा भाव से पुष्प अर्पित कर वंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ऋषि अष्टाव का जीवन मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उनकी शिक्षाएं आत्मबल, सत्य और ज्ञान की राह दिखाती हैं।

महंत प्रतापपुरी ने एंबुलेंस रवाना की

पोकरण. (निसं)। हंस फाउंडेशन मेडिकल यूनिट द्वारा पोकरण में दी गई 5 नवीन एम्बुलेंस का विधायक जन संपर्क कार्यालय से शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने 5 एंबुलेंसों को विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सांकडा प्रधान भगवतसिंह तंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर, भाजपा जिला महामंत्री संतोष पालीवाल, शहर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र माली, बीसीएमओ डॉक्टर जसवंत सिंह, अंकित शर्मा परियोजना समन्वयक हंस फाउंडेशन और मोबाइल टीम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

भजन संध्या आज

जालोर, (कासं)। श्री सोनगरा मामाजी मंदिर काकरी धवला में 25 सितंबर को एक शाम श्री सोनगरा मामाजी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन महेंद्र भारती महाराज के पावन सानिध्य में 25 सितंबर को रात 9 बजे से किया जाएगा। यह आयोजन श्री सोनगरा मामाजी मंदिर, काकरी जालोर रोड, धवला में होगा। इस मौके पर भजन गायक श्रवण प्रजापत एंड पार्टी, सांथु एवं सुरेश कुमार एंड पार्टी, केशवना द्वारा भजनों की प्रस्तुति देंगे। भजन संध्या का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

शिक्षक संघ सम्मेलन की तैयारी की

भीनमाल, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा जालोर का 64 वा जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौर में 26 व 27 सितंबर को हो रहा है। सम्मेलन में निमंत्रण देने के लिए जिला अध्यक्ष जयकरण खिलेरी के नेतृत्व में भीनमाल ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक भागल भीम व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालिका भीनमाल सहित कई विद्यालयों में शिक्षकों को पीले चावल बांटकर आने का निमंत्रण दिया।

शिवबाड़ी में गरबा नृत्य का आयोजन

पाली, (नि.सं.)। नर्सिंग टॉकीज के पास स्थित शिवबाड़ी में श्रीमाली ब्राह्मण समाज की पूरे 9 दिन तक गरबा नृत्य का आयोजन चल रहा है। अध्यक्ष पीएम जोशी के नेतृत्व में विभिन्न ग्रुप में रंग बिरंगे पोशाक पहने डांडिया नृत्य में भाग ले रहे हैं तथा गुजराती गीतों पर डांडिया नृत्य करते हैं। नवरात्र पर्व के चलते शहर के विभिन्न मोहल्ला गलियों में सजे पंडालो में शाम होते ही हाथों में डांडिया लिए युवक युवतियों बच्चे पहुंच जाते हैं और मां अंबा की आरती के पश्चात गरबा नृत्य शुरू होता है।

के.के. विश्नोई ने शहरी सेवा शिविर के कार्यों का जायजा लिया

जालोर, (कासं)। जिले के प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई ने बुधवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 8 से 11 तक के लिए नगर परिषद सभागार में आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया।

प्रभारी मंत्री ने विभागवार लगाई गई हेल्प डेस्क पर पहुँच अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आमजन से बातचीत कर उनकी समस्याओं के निस्तारण को लेकर फीडबैक लिया।

उन्होंने कहा कि शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित आमजन से केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कई लाभार्थियों को पट्टे भी प्रदान किए।

इस दौरान आहोर विधायक छगनसिह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, नगर परिषद आयुक्त दिलीप माथुर, राजस्व अधिकारी श्रवणराम सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का अवलोकन

प्रभारी मंत्री के.के.विश्नोई ने बुधवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र, जालोर में आयोजित "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया।

प्रभारी मंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर के सफल आयोजन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने टीम को निर्देश दिए कि अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर ले जाकर हर महिला तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि नारी का स्वास्थ्य सशक्त परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर आहोर विधायक छगनसिह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, सीएमएचओ डॉ. भैराराम जाणी, पीएमओ डॉ. वेदप्रकाश मीणा, आरसीएचओ डॉ राजकुमार बाजिया, उप नियंत्रक डॉ. नैनमल परमार, डॉ. मुकेश चौधरी, डीपीएम डॉ. चरणसिंह सहित चिकित्सक, महिलाएँ व आमजन उपस्थित रहे।

नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 12 से 15 तक के लिए 25 व 26 सितम्बर को नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, जागरूक और सशक्त बनाने तथा जनसहभागिता, सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से ग्राम पंचायतवार ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

आहोर व जालोर में व्यापार मंडलों से हुए रूबरू

जालोर जिले के प्रभारी मंत्री के.के.विश्नेाई ने बुधवार को आहोर पंचायत समिति तथा कलेक्ट्रेट जालोर में जीएसटी 2.0 के संबंध में विभिन्न व्यापार मंडलों के साथ बैठक में चर्चा कर उनसे संवाद किया।

बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा जीएसटी रिफॉर्म को लेकर उत्पादों की नई दरों के निर्धारण के संबंध में शंकाएं व्यक्त की गई जिस पर प्रभारी मंत्री ने उनकी शंकाओं का समाधान किया।

बैठक में जीएसटी की नई दरों के बारे में पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से व्यापारियों को जानकारी दी गई।

आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, रवि सोलंकी, मुकेश राजपुरोहित, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, अमन मेहता सहित व्यापार मण्डल के पदाधिकारी व व्यापारी आदि उपस्थित रहे।

के.के.विश्नोई ने आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने जीएसटी 2.0 के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विस्तार से आमजन व व्यापारियों को मिली राहत के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में जिला प्रमुख राजेश कुमार, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे सहित मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के उपलक्ष में आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा मंडल रानीवाड़ा के बैनर तले रानीवाडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर के साथ एक पेड मं के नाम एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाडे के रूप में पूरे देश में मना रही है। इसी के उपलक्ष मे रानीवाडा मंडल द्वारा रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन को लेकर सभी मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल रानीवाड़ा के मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमेश चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार खण्डेलवाल, हीरालाल सारस्वत, करडा मंडल अध्यक्ष प्रकाश जांगू, सांकड मंडल अध्यक्ष चन्दन सिंह, मंडल महामंत्री गोविन्द रावल, मंडल उपाध्यक्ष भीखाराम चौधरी, गोदाराम चौधरी, भगवानसिंह पुर, छगन देवासी नागोलडी, नरेश जोशी, प्रकाश मेघवाल मालवाड़ा उदाराम माली, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चौधरी अमरापुरा, सोनाराम चौधरी, नेथीराम मेघवाल, बाबूलाल विश्नोई, केवाराम चौधरी सहित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गुंदोज में वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

पाली, (नि.सं.)। सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गुंदोज में पाली देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों से लोकतंत्र और जनता की आवाज को दबाने वाली ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने का आ ान किया।

कार्यक्रम को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मकसूद अहमद, पाली देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेशराम चौधरी, प्रदेश महासचिव भुराराम सिरवी, विधानसभा प्रत्याशी रहे हरिशंकर मेवाड़ा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, ब्लॉक प्रभारी एवं जिला महासचिव आमीन अली रंगरेज, युवा जिलाध्यक्ष गोवर्धन देवासी, युवा नेता यशपालसिंह कुंपावत, पूर्व प्रधान पाबूसिंह राणावत, जिला उपाध्यक्ष गुलाबसिंह गिरवर ने संबोधित किया।

इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश पटेल, दीलीपसिंह रावलवास, वजीर खान खैरवा, भोपाल खान कायमखानी, सुखिया देवी गर्ग, मुकेश बारोलिया, जयेश मेवाड़ा, इंद्रसिंह निंबाड़ा, रतन पूरी, शैतान कुमार, मुकेश दहिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

सरोज चौधरी के नेतृत्व में किसानों ने पीड़ा बताई

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के भाद्राजून मुख्यालय पर बारिश में खराब हुई फसलों का सर्वे करवाने और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर किसानों ने आहोर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रही सरोज चौधरी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी कर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि आहोर विधानसभा के के भाद्राजून क्षेत्र में अतिवृष्टि से खराब हुई खरीफ की फसलों का सर्वे करवाने, किसानों को मुआवजा व बीमा क्लेम जल्द से जल्द दिलवाया जाये। सरोज चौधरी ने मीडिया को बताया कि अतिवृष्टि के कारण किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। लेकिन सर्वे कार्य करवाने में लेटलतीफी बरती जा रही है। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में खेतों में बरसाती पानी भरा हुआ है। किसानों की फसलें तबाह हो गई है। कुछ किसान तो ऐसे हैं जिन्होंने कर्ज लेकर खेतों में फसले बोई थी लेकिन अब बड़े स्तर पर फसलों को नुकसान होने के बाद उनके हालात चिंताजनक बने हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस मुश्किल घड़ी में अन्नदाता की मदद करना बहुत जरूरी है। समय रहते किसानों की मदद नहीं हुई तो वे मानसिक रूप से काफी कमजोर हो जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया कि समय रहते फसल खराबें का आंकलन जरूरी है। समय पर यानि 72 घंटों में फसल खराबें का सर्वे नहीं होने पर अक्सर सम्बन्धित बीमा कंपनियां किसानों को बीमा क्लेम देने में आनाकानी करती है।

किसानों ने तहसीलदार जालोर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग की है कि भाद्राजून तहसील के गांव भोरडा, बाला, नीलकण्ठ, मोतीसरी, बिजली, घाना, बरवा, रामा, रेवडा, तोडमी, रातानाडा सहित सम्पूर्ण तहसील में लगातार व अत्यधिक बारिश से खरीफ की फसले बाजरा, मूंग, ग्वार, तिल, ज्वार और अरण्डी आदि नष्ट हो गई है।

राजस्थान सरकार तुरन्त गिरदावरी करवाकर नुकसान का आंकलन करवाकर किसानों को मुआवजा दे और फसल बीमा योजना के तहत बीमा क्लेम राशि भी दिलवाए।

इस दौरान किसान नेता जगदीश चौधरी, छोगाराम चौधरी, कालूराम मेघवाल, मिश्रीमल चौधरी, पन्नाराम, वागाराम मेघवाल, ताराराम, मानाराम, विक्रम सिंह, रणछोड राम, खुशालराम, भागीरथ, मांगीलाल, दलाराम, उकाराम सहित कई किसान उपस्थित रहे।

शोभायात्रा निकाली

जोधपुर, (कासं)। बीएपीएस स्वामी नारायण मंदिर में चल रहे मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को की जाएगी। इससे पहले आज विश्व शांति महायज्ञ किया गया। साथ ही पांच भव्य और कलात्मक सुसज्जित रथों पर मंदिर में प्रतिष्ठित की जाने वाली दिव्य मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली।

यह शोभायात्रा दोपहर बाद रावण का चबूतरा मैदान से शुरू होकर बारहवीं रोड चौराहा, जलजोग चौराहा, सरदारपुरा सी रोड, गांधी मैदान रोड, सरदारपुरा बी रोड, गोल बिल्डिंग, जालोरी गेट, एमजी हॉस्पिटल रोड, सोजती गेट चौराहा, नई सडक़ चौराहा से गुजरते हुए उम्मेद उद्यान पहुंचकर संपन्न हुई। इससे पहले विश्व शांति यज्ञ के दूसरे दिन भी सैकड़ों परिवारों ने यज्ञ में अग्निहोत्र द्वारा विश्व शांति, समाज कल्याण और सर्वजन मंगल की भावनाओं से आहुतियां अर्पित की। वैदिक ऋचाओं-मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ ने वातावरण को शांति, आनंद और पवित्रता से सराबोर कर दिया।

अरूण चतुर्वेदी ने तनोट माता के दर्शन किए

जैसलमेर, (नि.सं.)। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण चतुर्वेदी जैसलमेर पहुंचे। सर्किट हाउस में उनका भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

चतुर्वेदी ने प्रवास के दौरान भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा का दौरा किया और ऐतिहासिक मातेश्वरी तनोट माता मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में देश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान चतुर्वेदी ने जीएसटी के नए स्लैब और बदलावों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों से कर ढांचा सरल और पारदर्शी बना है, जिससे व्यापारियों पर टैक्स का बोझ कम होगा और उपभोक्ताओं को वस्तुओं व सेवाओं की कीमतों में राहत मिलेगी। कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे सरकार की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं।

उनके जैसलमेर आगमन पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी और भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत मेघवाल, कंवराजसिँह ने उन्हें साफा और माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

शिविर 28 को

रानीवाड़ा, (नि.सं.)। जालोर जिले में स्थित मालवाड़ा में स्वर्गीय सेठ चुन्नीलालजी हिराणी की पांचवी पुण्य स्मृति में नि:शुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन 28 को सितम्बर को होगा।

शिविर श्री आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति जालोर, जागृत संस्था मुंबई और शिव सांई सेवा समिति रानीवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को नि:शुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा प्रदान करना है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान तलेटी आबूरोड अथवा आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पीटल जालोर में नि:शुल्क किया जाएगा।

पाली कारागृह का निरीक्षण

पाली, (नि.सं.)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण रिट पिटिशन सुकन्या शान्ता बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश 3 अक्टूबर 2024 की पालना में तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जेलों में जाति, लिंग अधारित भेदभाव को खत्म करने के उद्देश्य से अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) पाली राजेंद्र कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा जिला कारागृह, पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

प्राधिकरण सचिव विक्रम सिंह ने बताया कि 115 बन्दी जिला कारागृह, पाली में निरूद्ध मिले। अधिकारियों द्वारा वार्तालाप के दौरान बंदियों द्वारा जाहिर किया गया कि जेल में जाति या धर्म के आधार पर कार्यों का बंटवारा नहीं किया जाता है तथा रोटेशन आधार पर बंदियों को कारागृह में कार्य वितरण किया जाता है। कारागृह में किसी विशेष जाति या धर्म से संबंधित बंदियों के समूह के प्रति विशेष व्यवहार नहीं रखा जाता, ना ही किसी बंदी को सामाजिक-आर्थिक स्थिति, जाति, वर्ग या लिंग आधार पर वर्गीकृत किया जाता है। निरीक्षण अधिकारियों द्वारा बंदियों से पूछ जाने पर किसी भी बंदी द्वारा भेदभाव एवं मानवाधिकार हनन जैसी कोई शिकायत नहीं की गई। निरीक्षण अधिकारियों द्वारा जेलों में विभिन्न प्रकार के रजिस्टरों की भी जांच की गई। रजिस्टरों में भी बंदियों का विवरण इन्द्राज किए जाने के समय जाति का अंकन नहीं पाया गया।

अति. जिला मजिस्ट्रेट अश्विन के. पंवार, अति. पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह देवड़ा, अति. जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) राजेन्द्र प्रसाद, अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग रतन लाल बंसल, जिला कारागृह जोराराम कारापाल, चिकित्सक जेल डिस्पेंसरी डॉ. रॉयमेन जोसफ, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मानसिंह आशिया आदि उपस्थित रहे।

चित्रकला प्रतियोगिता हुई व प्रदर्शनी लगाई

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे ग्रामीण व शहरी सेवा शिविर एवं सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर में चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प की पंच प्रण के माध्यम से प्राप्ति के लिए विस्तार से विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को संबोधित किया। उन्होंने पंच प्रण अतंर्गत गुलामी के निषानों को मिटाने एवं अपनी विरासत पर गर्व करने की बात कही। उन्होंने स्थानीय इतिहास एवं संस्कृति को जानने समझने एवं गर्व करने पर जोर दिया।

मुख्य सचेतक ने विविधता में एकता, नागरिक कर्त्तव्यों का पालन करने तथा विकसित देश बनाने के लिए सकारात्मक सोच के आगे बढ़ने पर बल दिया। उन्होंने विकसित भारत 2047 थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति किरण कक्षा दसवीं ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान अनन्या राज एवं मोहित माली ने प्राप्त किया।

इस अवसर परवडनगर में आयोजित प्रेरणा उत्सव में भाग लेने वाली विद्यालय की बालिका आस्था तिवारी ने अपने संस्मरण सुनाए।

मनुष्य भव दुर्लभ है : सुमति

जोधपुर, (कासं)। श्रीमद् उत्तराध्ययन की आराधना करते हुए सुमति मुनि ने बुधवार को अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य भव बहुत दुर्लभ है। जीव मनुष्य भव में आकर स्थिरता की प्रेरणा देता है। चार कषायों की शांत करना दुर्लभ है। जहाँ सरलता है वहाँ पर धर्म टिकता है, अन्यथा बाढ़ का पानी रुकता नहीं है, बहता हुआ चला जाता है।

उन्होंने कहा कि जीवन में सरलता आने से सभी कार्य आसानीपूर्वक हो सकते हैं। सरलता से हम हमारी गलतियों को स्वीकार कर सुघर सकते हैं। गुणों की प्राप्ति दुर्लभ है। मुनि श्री से कहा गुणों का संयोग मिलना मुश्किल है।गुण हमे पुरुषार्थ से मिलते है एवं पुरुषार्थ से सिद्धि प्राप्त होती है। इस भव में पुरुषार्थ पूर्वक धर्म आराधना करते रहना चाहिए। इससे हमको अगले भवों में आसक्ति छूटेंगी एवं संयम मिलेगा।

इससे पूर्व साध्वी ने भी अपने प्रवचन में आध्यात्मिक सरिता प्रवाहित कर श्रावक श्राविकाओं को भक्ति रस में डूबों दिया।

श्रीजयमल जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि 26 सितम्बर से 30 सितम्बर तक दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रतिक्रमण सूत्र के अर्थों का विवेचन किया जायेगा। नवपद ओली की आराधना 29 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक आयंबिल तप के साथ श्रावक श्राविकाओं द्वारा मनाया जायेगा। आज पूर्व पदाधिकारी शांतिलाल नाबरिया मुनि भगवन्तों के दर्शनार्थ जोधपुर पहुंचे। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

चारा वितरण

पाली, (नि.सं.)। एन.एस.यू.आई. प्रदेश महासचिव गणपत पटेल ने मंडावास गांव की गौशाला में चारा वितरण कार्यक्रम कर अपनी ओर से दस टॉली (10 हजार किलो से अधिक) हरा चारा अर्पित किया। विधायक भीमराज भाटी ने गणपत पटेल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है, जो निस्वार्थ सेवा कार्यों में आगे बढ़कर काम करें। गणपत पटेल ने कहा कि गाय हमारी भारतीय संस्कृति और जीवन की धुरी है। गौसेवा करना ही सच्ची धर्मसेवा है। उन्होंने आगे भी लगातार गौशालाओं और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

वर्धमान क्रेडित को. ऑप सोसायटी लि.
वन वे रोड़, मानपुरा कॉलोनी जालोर

Reg No.1214/N/20.08.2008 दिनांक : 12/09/2025

सूचना (सोसायटी के सदस्यो के लिये)

वर्धमान क्रेडिट को. ऑप सोसायटी लि. जालोर के सदस्यो को सूचित किया जाता है । कि सोसायटी की वार्षिक आमसभा दिनांक 29.09.2025 को प्रांत: 11:00 बजे सोसायटी के प्रधान कार्यालय में आयोजित की जायेगी । जिससे आप सभी सदस्यों की उपस्थिति प्राथनीय है । नोट -निर्धारित कोरम पूरा नही होने पर स्थगित आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टा पश्चात् प्रारम्भ